Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## जनवरी भाग-2 2024



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और न्यू नौतनवा-मैनहिया भारत तथा बांग्लादेश के बीच हाल ही में उद्घाटन की गई तीन सीमा पार ट्रांसमिशन लाइनें हैं।
   2. भारत की सबसे लंबी सीमा बांग्लादेश के साथ और उसके बाद नेपाल से लगती है।
   3. भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

2. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. भारत की अधिकांश वर्तमान हाइड्रोजन आपूर्ति ब्लू हाइड्रोजन है, जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके $CO_2$ गैस उत्सर्जन पैदा करने वाली प्रक्रिया में उत्पादित की जाती है।
   2. ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांज़िशन प्रोग्राम (SIGHT) के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप इलेक्ट्रोलाइज़र के घरेलू विनिर्माण को वित्त पोषित करेगा और हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा।

   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. **स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इंदौर को सबसे स्वच्छ शहर और सूरत को दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का खिताब दिया गया।
   2. शहरी क्षेत्रों की वार्षिक स्वच्छता रैंकिंग में महाराष्ट्र ने राज्यों में शीर्ष स्थान हासिल किया।
   3. स्वच्छता कर्मियों के लिये सर्वोत्तम सुरक्षा मानकों वाले शहर के लिये चंडीगढ़ को सफ़ाईमित्र सुरक्षित शहर पुरस्कार मिला।

   **उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

4. **भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. ASI की स्थापना वर्ष 1861 में अलेक्जेंडर कनिंघम ने की थी।
   2. यह प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के अनुसार देश में सभी पुरातात्त्विक गतिविधियों को विनियमित करता है।
   3. ASI शिक्षा मंत्रालय के नियामक दायरे में आता है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. इनमें से कोई भी नहीं

5. **स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्राम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. उग्रम का उद्देश्य वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग की जाने वाली पुरानी INSAS राइफल को प्रतिस्थापित करना है।
   2. इसे सेना की जनरल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (GSQR) को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

6. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) से आशय स्टॉक, बंधपत्र और म्यूचुअल फंड जैसे भारत की वित्तीय आस्तियों में विदेशी व्यक्तियों, निगमों एवं संस्थानों द्वारा किये गए निवेश से है।

नोट :

2. FPI मुख्य रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI), जिसमें अल्पकालिक लाभ शामिल होता है, के विपरीत दीर्घकालिक लाभ के उद्देश्य से किया गया निवेश है।
3. मॉरीशस को पीछे छोड़ते हुए लक्ज़मबर्ग भारत में FPI के लिये तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बन गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**7. भील जनजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये ओडिशा के सबसे बड़े जनजातीय समूह हैं।
2. ये उत्कृष्ट धनुर्धर होने के साथ-साथ कुशल मूर्तिकार भी हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**8. मस्तिष्क के विभिन्न भागों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मस्तिष्क में तीन प्राथमिक घटक होते हैं: प्रमस्तिष्क/सेरीब्रम, अनुमस्तिष्क और मस्तिष्क स्तंभ।
2. प्रमस्तिष्क मस्तिष्क का वह क्षेत्र है जो परंपरागत रूप से पेशीय नियंत्रण से संबंधित है।
3. अनुमस्तिष्क मानव मस्तिष्क का सबसे बड़ा भाग बनाता है। जो दाएँ तथा बाएँ गोलार्द्धों से मिलकर बना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**9. मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (MMUA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना का लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों में भाग लेने वाली ग्रामीण महिलाओं के विकास का समर्थन करना और उन्हें अपने समुदायों में सूक्ष्म-उद्यमी बनने में सहायता करना है।
2. अधिकतम चार बच्चों वाले अनुसूचित जनजाति (ST) और अनुसूचित जाति (SC) परिवार इस योजना के लाभ हेतु पात्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ, 2006 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के सभी राज्यों में पुलिस शिकायत प्राधिकरण स्थापित करने का निर्देश दिया।**

**कथन-II: भारत में राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) ने कार्यात्मक स्वायत्तता और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए पुलिस सुधारों की सिफारिशें की।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन एक ऐसी तकनीक है जो किसी टैग की गई वस्तु को निष्क्रिय रूप से पहचानने के लिये रेडियो तरंगों का उपयोग करती है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत की इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिये राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (NETC) कार्यक्रम बनाया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**12. प्वाइंट ऑफ प्रेज़ेंस (PoPs) विनियम 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विनियमन रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया का सरलीकरण कर लोगों के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) से जुड़ना आसान बनाता है।
2. लोगों को NPS से जोड़ने में मदद करने के लिये केवल बैंक ही प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (PoPs) के रूप में कार्य कर सकते हैं।

नोट :

3. रजिस्ट्रीकरण के लिये पूर्व में विभिन्न आवश्यकताओं के विपरीत, लोग अब केवल एक NPS रजिस्ट्रीकरण और एक ही शाखा के साथ व्यापक डिजिटल सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**13. जल्लीकट्टू के बारे में निम्नलिखित में से कितने कथन सही हैं/हैं?**

1. यह सांडों को वश में करने का एक खेल है जो तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के एक भाग के रूप में प्रचलित है।
2. भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पशु क्रूरता के आधार पर इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है।
3. इसका उल्लेख प्राचीन तमिल महाकाव्य शिल्पादिकारम में मिलता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**14. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ से संबद्ध नहीं है?**

A. हिमालय में वृहत स्तर पर हिमपात
B. मैदानी इलाकों में बारिश और आँधी
C. समग्र उत्तर भारत में विशेषकर रात के तापमान में तेज़ी से गिरावट
D. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का निर्माण

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 भ्रष्टाचार के लिये लोक सेवकों पर जुर्माने का प्रावधान करता है किंतु इसका संबंध भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों से नहीं है।
2. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत रिश्वतखोरी तथा धोखाधड़ी जैसे मामलों का प्रावधान किया जाता है जिसमें आपराधिक विश्वासघात तथा छल से संबंधित अपराध भी शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लवणीय जल का मगरमच्छ सभी मगरमच्छों में सबसे विशाल और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सरीसृप है।
2. भितरकनिका और सुंदरबन दोनों लवणीय जल का मगरमच्छों के तीन प्रमुख क्षेत्रों में से हैं, इसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**17. प्रमुख और छोटे बंदरगाहों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यू मैंगलोर बंदरगाह भारत के प्रमुख बंदरगाहों में से एक है।
2. सभी छोटे बंदरगाह, भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत शासित हैं और राज्य और केंद्र सरकार दोनों के पास स्वामित्व तथा प्रबंधन में हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**18. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मिशन की समय सीमा वर्ष 2023 से 2031 तक निर्धारित है।
2. इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लागू किया जाएगा।
3. भारत समर्पित क्वांटम मिशन वाला सातवाँ देश होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**19. ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट को एक बड़ी प्रतियोगिता भी कहा जाता है।
2. ऑस्ट्रेलियन और यूएस ओपन टूर्नामेंट घास पर खेले जाते हैं जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन हार्ड कोर्ट पर खेले जाते हैं।
3. रामकुमार रामनाथन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक कज़ाखस्तान के खिलाड़ी को हराया और वर्ष 1989 के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बन गए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**20. निम्नलिखित पर विचार कीजिये :**

1. द्वारका
2. जोशीमठ
3. श्रृंगेरी

**उपर्युक्त में से कितने मठों की स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अर्जेंटीना और चिली के साथ लिथियम त्रिकोण का हिस्सा है?**

A. ब्राज़ील
B. कोलंबिया
C. बोलीविया
D. ऑस्ट्रेलिया

**22. 'गंगासागर मेले' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गंगासागर मेला मकर संक्रांति के दौरान लगता है और यह भारत का सबसे बड़ा तीर्थ मेला है।
2. यह वार्षिक तीर्थ मेला गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर सागर द्वीप पर आयोजित किया जाता है।
3. केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय मेले का दर्ज़ा दिया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**23. राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. नीति आयोग
B. भारतीय रिज़र्व बैंक
C. उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT)
D. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

**24. शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है:**

A. गैर-सरकारी संगठन 'प्रथम'
B. नीति आयोग
C. शिक्षा मंत्रालय
D. विश्व बैंक

**25. आनुवंशिक रूप से संशोधित DMH-11 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DMH-11 भारतीय सरसों की किस्म 'वरुणा' और पूर्वी यूरोपीय 'अर्ली हीरा-2' सरसों के बीच संकरण का परिणाम है।
2. इसमें दो एलियन जीन ('बार्नेज' और 'बारस्टार') शामिल होते हैं जो बैसिलस एमाइलोलिफेशियन्स नामक मृदा जीवाणु से पृथक किये जाते हैं

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**26. भारतीय कंप्यूटर आपातकाल प्रतिक्रिया दल (CERT-In) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिये उत्तदायी राष्ट्रीय केंद्रक अभिकरण है तथा गृह मंत्रालय के तहत कार्य करता है।
2. इसे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के दायरे से छूट दी गई है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**27. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| क्षेत्र | | देश |
|---|---|---|
| 1. सिस्तान प्रांत | (a) | ईरान |
| 2. बलूचिस्तान | (b) | पाकिस्तान |
| 3. मारिब | (c) | अफगानिस्तान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**28. भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा उड्डयन बाज़ार है।
2. अनियंत्रित यात्रियों को विमान नियम, 1937 के तहत नियंत्रित किया जाता था।
3. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय प्रमुख नियामक संस्था है जो मुख्य रूप से भारत में नागरिक उड्डयन को नियंत्रित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. भारत में स्टार्टअप को बढ़ावा देने की पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फंड्स ऑफ फंड्स योजना की स्थापना वर्ष 2016 में 40,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ की गई थी।
2. स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास और उत्पाद परीक्षणों के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
3. स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट स्टार्टअप्स को निवेशकों से जोड़ने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित मैचमेकिंग की सुविधा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**30. निम्नलिखित में से किसने सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन (SCOPE's) का 'प्रशंसा प्रमाणपत्र' प्राप्त किया है?**

A. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
B. कोल इंडिया लिमिटेड
C. नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
D. इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड

**31. भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग हित एंड मैत्री (BHISHM) क्यूब के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भीष्म क्यूब अयोध्या में स्थित एक अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल अस्पताल है।
2. यह प्रभावी समन्वय और वास्तविक समय की निगरानी तथा कुशल प्रबंधन को सुगम बनाने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डेटा एनालिटिक्स को एकीकृत करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**32. 'Mpemba प्रभाव' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. Mpemba प्रभाव ने विज्ञान को अपने निष्कर्षों में योगदान दिया कि समान परिस्थितियों में गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से जम सकता है।
2. Mpemba प्रभाव के संभावित कारणों में सूक्ष्म बुलबुले का निर्माण और वाष्पीकरण की भूमिका शामिल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मछुआरों के लिये समुद्र में आपातकालीन संदेश भेजने के लिये दूसरी पीढ़ी का आपदा चेतावनी प्रेषित्र (DAT-SG) संयुक्त रूप से DRDO और IIT कानपुर द्वारा विकसित किया गया है।
2. DAT-SG एक UHF (अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी) ट्रांसमीटर है जो नेविगेशन के लिये NavIC (भारतीय नक्षत्र में नेविगेशन) रिसीवर मॉड्यूल का उपयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. युगांडा अल्प विकसित देशों (LDC) के लिये भारत की शुल्क-मुक्त टैरिफ वरीयता (DFTP) योजना का लाभार्थी है।
2. भारत और युगांडा के बीच वर्ष 2004 से दोहरा कराधान बचाव समझौता मौजूद है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**35. मंदिर वास्तुकला की नागर शैली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उदय लगभग 7वीं शताब्दी ईस्वी में गुप्त काल के अंत में दक्षिणी भारत में हुआ।
2. नागर शैली में निर्मित मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर बनाए जाते हैं जिसमें गर्भ गृह मंदिर का सबसे पवित्र हिस्सा होता है।
3. एक विशिष्ट नागर-शैली के मंदिर में गर्भगृह के चारों ओर एक प्रदक्षिणा पथ भी शामिल होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. गहरे समुद्र में ज्ञात सबसे बड़ी मूंगा चट्टान प्रशांत महासागर के तट पर स्थित है।
2. उथले जल में सबसे बड़ी मूंगा चट्टान प्रणाली ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी तट पर स्थित ग्रेट बैरियर रीफ है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**37. 'राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NMP में केंद्र सरकार की मुख्य आस्तियों को पट्टे पर देने के माध्यम से 6 लाख करोड़ रुपये की कुल मुद्रीकरण क्षमता की परिकल्पना की गई है।
2. इस पाइपलाइन का उद्देश्य राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (NIP) के तहत वित्त वर्ष 2015 तक छह वर्षों में 111 ट्रिलियन रुपये के निवेश का समर्थन करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. होमी जहाँगीर भाभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम 1960 के दशक में उनके द्वारा तैयार किया गया था।
2. उन्होंने परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान, ट्रॉम्बे की स्थापना और निर्देशन किया।
3. भाभा एडम्स पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**39. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. केन्या
2. युगांडा
3. तंजानिया

**उपर्युक्त में से कितने देश विक्टोरिया झील की तटरेखा साझा करते हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**40. डायोड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डायोड का प्राथमिक उद्देश्य P-N जंक्शन डायोड का उपयोग करके धारा को केवल एक दिशा में प्रवाहित करने में सहायता प्रदान करना है।
2. अर्द्धचालक के धनात्मक पक्ष में इलेक्ट्रॉनों की अधिकता होती है जबकि ऋणात्मक पक्ष में होल (hole) की अधिकता होती है।

**उपर्युक्त में से कौन- सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**41. 'मधिका भाषा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मधिका ब्राह्मी लिपि वाली एक भाषा है और तेलुगु, तुलु, कन्नड़ तथा मलयालम का मिश्रण है।
2. मधिका की उपेक्षा को चकलिया समुदाय से जुड़े सामाजिक विद्वेष के लिये ज़िम्मेदार ठहराया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**42. पराक्रम दिवस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पराक्रम दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है।
2. केंद्र ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों तथा संगठनों द्वारा दिये गए अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिये सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2024 की घोषणा की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NGO कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत ट्रस्ट, सोसायटी या कंपनी के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं, प्रत्येक के पंजीकरण एवं प्रशासन के लिये विशिष्ट नियम और विनियम मौजूद हैं।
2. विदेशी दान प्राप्त करने के इच्छुक संघों, समूहों और गैर-सरकारी संगठनों (NGO) को एक बार FCRA 2010 के तहत पंजीकरण कराना होगा, साथ ही यह पंजीकरण आजीवन वैध है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**44. अमृत धरोहर क्षमता निर्माण योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यटन मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक संयुक्त प्रयास है।
2. योजना का प्राथमिक फोकस पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील आर्द्रभूमियों पर रणनीतिक रूप से उच्च मात्रा वाले पर्यटन से उच्च मूल्य वाले प्रकृति पर्यटन में परिवर्तन करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**45. संयुक्त बल अभ्यास "डेज़र्ट नाइट" में कौन से तीन देश भाग लेते हैं ?**

A. भारत, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात
B. भारत, रूस और चीन
C. भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब
D. भारत, जापान और दक्षिण कोरिया

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: अरामबाई तेंगगोल की शुरुआत वर्ष 2020 में एक सांस्कृतिक संगठन के रूप में हुई थी।**

**कथन-II: यह एक पुनरुत्थानवादी संगठन भी है जिसका उद्देश्य मैतेई समुदाय के लोगों के बीच पूर्व-हिंदू, मूल सनमाही धर्म की पुनर्स्थापना करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**47. भौगोलिक संकेतक ( GI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) पर विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौते द्वारा विनियमित एवं निर्देशित है।
2. GI प्रमाणीकरण केवल कृषि उत्पादों तक ही विस्तारित है, गैर-कृषि उत्पादों तक नहीं।
3. विश्व स्तर पर, चीन GI पंजीकरण में सबसे आगे है और उसके बाद जर्मनी का स्थान है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ल्यूकीमिया श्वेत रक्त कोशिकाओं का कैंसर है जो अस्थि मज्जा में शुरू होता है।
2. अस्थि का कैंसर अमूमन बच्चों तथा युवा वयस्कों में पैर अथवा बाँह की अस्थियों में होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**49. माजुली द्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अरुणाचल प्रदेश में स्थित है।
2. इसे विश्व के दूसरे सबसे बड़े नदी द्वीप के रूप में मान्यता प्राप्त है।
3. यह द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियों से घिरा हुआ है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई भी नहीं

**50. वांडरिंग अल्बाट्रॉस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 3.5 मीटर के पंखों वाला सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी है।
2. यह IUCN रेड लिस्ट के अनुसार असुरक्षित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**51. भारत रत्न पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार जाति, व्यवसाय, स्थिति या लिंग के भेदभाव के बिना, उच्चतम क्रम की असाधारण सेवा/प्रदर्शन की मान्यता में प्रदान किया जाता है।
2. यह पुरस्कार कला, साहित्य, विज्ञान और सार्वजनिक सेवाओं में उपलब्धियों तक सीमित है।
3. भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या किसी विशेष वर्ष में अधिकतम तीन वर्ष तक सीमित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**52. G77के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हालाँकि G-77 के सदस्यों की संख्या बढ़कर 134 देशों तक पहुँच गई है, लेकिन इसके ऐतिहासिक महत्त्व के कारण मूल नाम को बरकरार रखा गया है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतरसरकारी संगठन है।
3. इसकी अध्यक्षता अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के बीच क्षेत्रीय आधार पर घूमती है और एक वर्ष के लिये आयोजित की जाती है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) गृह मंत्रालय के अधिकार के तहत भारत में सात सुरक्षा बलों को संदर्भित करता है।
2. असम राइफल्स गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है लेकिन इसका परिचालन नियंत्रण रक्षा मंत्रालय के पास है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**54. निम्नलिखित AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) मॉडल पर विचार कीजिये :**

1. डेल-ई (Dall-E)
2. स्टेबल डिफ्यूज़न (Stable Diffusion)
3. मिड जर्नी (Midjourney)

**उपर्युक्त में से कितने लार्ज मल्टीमॉडल मॉडल (LMMS) से संबंधित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**55. गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें विमुक्त जाति के नाम से भी जाना जाता है।
2. उन्हें वर्ष 1972 में भारत सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर विमुक्त कर दिया गया था।
3. वे कुल भारतीय आबादी का लगभग 20% हिस्सा बनाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई भी नहीं

**56. नेहरू रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेहरू रिपोर्ट में पूर्ण स्व-शासन, संप्रभुता और ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की गई।
2. इस रिपोर्ट को कॉन्ग्रेस के भीतर सार्वभौमिक समर्थन नहीं मिला, बोस और जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं ने इसका पूर्ण स्वतंत्रता का समर्थन किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57. 'INSAT-3DR' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) मौसम पूर्वानुमान और निगरानी उद्देश्यों के लिये INSAT-3DR उपग्रह डेटा का प्रयोग करता है।
2. यह भारत का उन्नत मौसम विज्ञान उपग्रह है जो एक इमेजिंग सिस्टम और एक वायुमंडलीय साउंडर से सुसज्जित है।
3. INSAT 3D उपग्रह पर RGB (लाल, हरा, नीला) इमेजर से छवियों का रंग सौर परावर्तन, प्रदीप्ति और तापमान पर निर्भर करता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना एक ऐसी योजना है जिसमें देश के सभी व्यावसायिक भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करना शामिल होगा।
2. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय आवासीय क्षेत्र में RTS की स्थापना के लिये रूफटॉप सोलर (RTS) कार्यक्रम का कार्यान्वन कर रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**59. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में एकमात्र सबसे बड़ा अविभाजित और प्रतिनिधि क्षेत्र है।
2. यहाँ पर एक दुर्लभ सुनहरे रंग के बाघ (बंगाल टाइगर के रंग का प्रतिरूपण) को देखा गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**60. निम्नलिखित अनुप्रयोगों पर विचार कीजिये:**

1. एप्लीकेशन-स्पेसिफिक इंटीग्रेटेड सर्किट (ASICs)
2. फील्ड-प्रोग्रामेबल गेट एरेज़ (FPGAs)
3. सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट्स (CPU)

**उपर्युक्त में से कितने को AI चिप्स के उपयोग से डिज़ाइन किया जा सकता है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और फ्राँस ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिये एक भारत-प्रशांत त्रिपक्षीय विकास सहयोग कोष की स्थापना की है।
2. हाल ही में ओमान की खाड़ी में भारत, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास का पहला संस्करण आयोजित किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय जल निकायों में मॉस्किटोफिश विमोचित की गई है।**

**कथन-II: मॉस्किटोफिश का आहार मच्छर के लार्वा होते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किन्तु कथन II गलत है।
D. कथन-I गलत है किन्तु कथन II सही है।

**63. भ्रूण के विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भ्रूण, निषेचन के दौरान शुक्राणु और अंड के संलयन से बनने वाली प्रारंभिक कोशिका है।
2. युग्मनज निषेचन के क्षण से लेकर गर्भावस्था के लगभग 8वें सप्ताह तक विकास का प्रारंभिक चरण है।
3. गर्भ प्रसवपूर्व विकास के बाद का चरण है,जिसमें शिशु के अंगों तथा प्रणालियों का विकास होता है।।

**उपर्युक कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**64. भारत में विदेशी निवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में लंबी अवधि में निवेश शामिल होता है।
2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में लघु से मध्यम अवधि में वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है।
3. भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से FDIs के लिये सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

**65 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: दक्षिण चीन सागर पश्चिमी प्रशांत महासागर का सीमांत सागर है। इसकी सीमा ब्रुनेई दारुस्सलाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और चीन से लगती है**

**कथन-II: दक्षिण चीन सागर ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर से और लूज़ॉन जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी चीन सागर से जुड़ा हुआ है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

## व्याख्या भाग-2

**1.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- तीन क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइनों का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया, जिसमें 132 केवी रक्सौल-परवानीपुर, 132 केवी कुशहा-कटैया और न्यू नौतनवा-मैनहिया लाइनें शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत की बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी सीमा है, उसके बाद चीन है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार तथा विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत है, इसके अतिरिक्त भारत नेपाल के तीसरे देश के साथ व्यापार के लिये पारगमन सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**2.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्तमान में भारत मुख्य रूप से कच्चे तेल रिफाइनरियों और उर्वरक उत्पादन में उपयोग के लिये 6.5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) हाइड्रोजन का उत्पादन करता है।
  - भारत की अधिकांश वर्तमान हाइड्रोजन आपूर्ति ग्रे हाइड्रोजन है, जो कार्बन डाई ऑक्साइड गैस उत्सर्जन पैदा करने वाली प्रक्रिया में जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके उत्पादित की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हरित हाइड्रोजन संक्रमण कार्यक्रम (SIGHT) के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप इलेक्ट्रोलाइज़र के घरेलू विनिर्माण को वित्त पोषित करेगा और हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**3.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023:**

- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Affairs - MoHUA) द्वारा वर्ष 2016 से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण, दुनिया का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता तथा सफाई सर्वेक्षण है।
  - यह नागरिकों को सेवा वितरण में सुधार लाने और शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में कस्बों तथा शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।
- इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से सबसे स्वच्छ शहर का खिताब दिया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- शहरी क्षेत्रों की वार्षिक स्वच्छता रैंकिंग में महाराष्ट्र ने राज्यों में शीर्ष स्थान हासिल किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्वच्छता कर्मियों के लिये सर्वोत्तम सुरक्षा मानकों वाले शहर के लिये चंडीगढ़ को सफ़ाईमित्र सुरक्षित शहर पुरस्कार मिला। **अतः कथन 3 सही है।**

**4.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI):**

- इसकी स्थापना वर्ष 1861 में ASI के पहले महानिदेशक अलेक्जेंडर कनिंघम ने की थी। अलेक्जेंडर कनिंघम को "भारतीय पुरातत्त्व के जनक" के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अलावा यह प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्त्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के प्रावधानों के अनुसार देश में सभी

पुरातात्त्विक गतिविधियों को विनियमित करता है। यह पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 को भी नियंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

- भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) संस्कृति मंत्रालय के तहत देश की सांस्कृतिक विरासत के पुरातात्त्विक अनुसंधान और संरक्षण के लिये प्रमुख संगठन है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**5.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 'उग्रम' (Ugram) नाम से एक स्वदेशी असॉल्ट राइफल लॉन्च की है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों, अर्द्धसैनिक तथा राज्य पुलिस इकाइयों की परिचालन आवश्यकताओं को पूर्ण करना है।
- उग्रम का उद्देश्य वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग की जाने वाली पुरानी INSAS राइफल को प्रतिस्थापित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे सेना की जनरल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट्स (GSQR) को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - GQSR पूंजी खरीद की प्रारंभिक प्रक्रियाओं में से एक है। यह उपकरण की आवश्यकता, इसके भौतिक तथा परिचालन विवरण और साथ ही रखरखाव एवं गुणवत्ता की आवश्यकताओं का वर्णन भी करता है।

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) से आशय स्टॉक, बंधपत्र और म्यूचुअल फंड जैसे भारत की वित्तीय आस्तियों में विदेशी व्यक्तियों, निगमों एवं संस्थानों द्वारा किये गए निवेश से है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - ये निवेश मुख्य रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI), जिसमें आस्तियों का दीर्घकालिक स्वामित्व शामिल होता है, के विपरीत अल्पकालिक लाभ और पोर्टफोलियो विविधीकरण के उद्देश्य से किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मॉरीशस को पीछे छोड़ लक्ज़मबर्ग अब भारत में FPI के मामले में तीसरे स्थान पर है। जिसकी अभिराक्षधीन आस्तियाँ (Assets Under Custody- AUC) 30% बढ़कर ₹4.85 लाख करोड़ हो गई। **अतः कथन 3 सही है।**

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भील सबसे बड़े जनजातीय समूहों में से एक हैं, जो छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में रहते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह नाम 'बिल्लू' शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है धनुष।
- भील अपने स्थानीय भौगोलिक परिवेश के गहन ज्ञान के साथ-साथ उत्कृष्ट धनुर्धर माने जाते हैं।
- ये परंपरागत रूप से गुरिल्ला युद्ध में निपुण माने जाते रहे हैं, जिनमें से वर्तमान में अधिकांश किसान और खेतिहर मज़दूर होने के साथ ही कुशल मूर्तिकार भी हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**8.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मस्तिष्क में तीन प्राथमिक घटक होते हैं:** प्रमस्तिष्क/सेरीब्रम, अनुमस्तिष्क और मस्तिष्क स्तंभ। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुमस्तिष्क/Cerebellum:** मस्तिष्क भाग परंपरागत रूप से पेशीय नियंत्रण से संबंधित है किंतु अब इसकी भूमिका उच्च संज्ञानात्मक तथा संवेगात्मक (Emotional) कार्यों तक विस्तारित हो रही है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - यह सिर के पिछले भाग में प्रमस्तिष्क (Cerebrum) के ठीक नीचे व मस्तिष्क स्तंभ (Brain Stem) के पीछे स्थित होता है। प्रमस्तिष्क/सेरिब्रम के समान किंतु छोटी संरचना के कारण इसे "लघु मस्तिष्क" भी कहा जाता है।
- **प्रमस्तिष्क:** यह मानव मस्तिष्क का सबसे बड़ा भाग बनाता है। जो दाएँ तथा बाएँ गोलार्द्धों से मिलकर बना है। जो संवेदी जानकारी, बोलने की प्रक्रिया, तर्क, भावनाओं, अधिगम एवं सटीक गति नियंत्रण की व्याख्या करने जैसे प्रमुख कार्यों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (MMUA) योजना का लक्ष्य स्वयं सहायता समूहों में भाग लेने वाली ग्रामीण महिलाओं के विकास का समर्थन करना और उन्हें 1 लाख प्रति सदस्य-प्रतिवर्ष के लक्षित आय वाले सूक्ष्म-उद्यमी बनने में सहायता करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- योजना के लिये अर्हता प्राप्त करने हेतु बच्चों की संख्या से संबंधित सीमाएँ:
  - सामान्य एवं OBC वर्ग की महिलाएँ: अधिकतम तीन बच्चे।
  - ST एवं SC: अधिकतम चार बच्चों को लाभ लेने की अनुमति। **अत: कथन 2 सही है।**
  - मोरन, मोटोक और 'टी ट्राइब्स': अधिकतम चार बच्चे।

**10.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ, 2006 मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के सभी राज्यों में पुलिस शिकायत प्राधिकरण स्थापित करने का निर्देश दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - पुलिस शिकायत प्राधिकरण के पास पुलिस अधीक्षक से ऊपर, नीचे स्तर के पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार के कदाचार से संबंधित मामलों की जाँच करने का अधिकार है।
- भारत में राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) ने कार्यात्मक स्वायत्तता और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए पुलिस सुधारों की सिफारिशें की। **अत: कथन 2 सही है।**
- कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन एक ऐसी तकनीक है जो किसी टैग की गई वस्तु को निष्क्रिय रूप से पहचानने के लिये रेडियो तरंगों का उपयोग करती है। सिस्टम के दो बुनियादी हिस्से हैं जिनमें टैग व रीडर शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - रीडर रेडियो तरंगें उत्सर्जित करता है तथा RFID टैग से पुन: सिग्नल प्राप्त करता है जबकि टैग अपनी पहचान एवं अन्य जानकारी संप्रेषित करने के लिये रेडियो तरंगों का उपयोग करता है।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने भारत की इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिये राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (NETC) कार्यक्रम बनाया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी, अंतर-संचालनीय टोल भुगतान समाधान प्रदान करता है, जिसमें निपटान और विवाद समाधान के लिये क्लीयरिंग हाउस सेवाएँ शामिल हैं।

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्वाइंट ऑफ प्रेज़ेंस (PoPs) विनियम 2023:**

- पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने प्वाइंट ऑफ प्रेज़ेंस (PoP) विनियम 2023 को अधिसूचित किया।
- यह विनियमन पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाकर लोगों के लिये राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में शामिल होना सरल बनाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लोगों को NPS में शामिल होने में मदद करने के लिये बैंक और गैर-बैंक प्वाइंट ऑफ प्रेज़ेंस (PoP) के रूप में काम कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- रजिस्ट्रीकरण के लिये पूर्व में विभिन्न आवश्यकताओं के विपरीत, लोग अब केवल एक NPS रजिस्ट्रीकरण और एक ही शाखा के साथ व्यापक डिजिटल सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जल्लीकट्टू सांडों को वश में करने का एक पारंपरिक खेल है जिसमें प्रतिभागी सांड के कूबड़ को पकड़कर उस पर लटकने का प्रयास करते हैं जबकि सांड भागने की कोशिश करता है।
  - यह तमिलनाडु में जनवरी के दूसरे सप्ताह में फसल उत्सव पोंगल के दौरान मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय पशु कल्याण बोर्ड और अन्य पशु अधिकार समूहों की एक याचिका के बाद, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पशु क्रूरता के आधार पर 2014 में जल्लीकट्टू पर प्रतिबंध लगा दिया था।
  - हालाँकि 2017 में तमिलनाडु सरकार ने जलीकट्टू को अनुमति देने के लिये एक अध्यादेश पारित किया, जिसे बाद में 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- जलीकट्टू का संदर्भ तमिल साहित्य के पाँच महान महाकाव्यों में से एक शिल्पादिकारम में वर्णित है, जो संगम काल (300 ईसा पूर्व) में लिखा गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

14.

उत्तर: D

व्याख्या:

- पश्चिमी विक्षोभ अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय/बहिरुष्णकटिबंधीय तूफान हैं जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं और भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में अचानक शीतकालीन वृष्टि तथा हिमपात लाते हैं। ये पश्चिमी पवनों द्वारा संचरित होते हैं और उष्णकटिबंधीय चक्रवात नहीं बनाते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (Prevention of Corruption Act), 1988 में लोक सेवकों द्वारा किये जाने वाले भ्रष्टाचार और साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में शामिल लोगों के लिये भी दंड का प्रावधान है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कंपनी अधिनियम, 2013 कॉर्पोरेट प्रशासन और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी की रोकथाम में सहायता प्रदान करता है। 'धोखाधड़ी' शब्द की एक व्यापक परिभाषा है, इसे कंपनी अधिनियम के अंतर्गत दांडिक अपराध (Criminal Offence) माना गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारतीय दंड संहिता, 1860 के अंतर्गत रिश्वतखोरी तथा धोखाधड़ी जैसे मामलों का प्रावधान किया जाता है जिसमें आपराधिक विश्वासघात तथा छल से संबंधित अपराध भी शामिल हैं।

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

**लवणीय जल के मगरमच्छ:**

- लवणीय जल का मगरमच्छ सभी प्रकार के मगरमच्छों में सबसे विशाल है, दुनिया में सबसे बड़ा सरीसृप है।
  - नील मगरमच्छ विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सरीसृप है और अफ्रीका के विभिन्न क्षेत्रों का मूल निवासी है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **वितरण:** लवणीय जल के मगरमच्छ पूर्वी भारतीय तथा पश्चिमी प्रशांत महासागरों में उष्णकटिबंधीय से उष्म समशीतोष्ण अक्षांश में पाए जाते हैं।
- **पर्यावास:** इनके पर्यावास में मैंग्रोव वन तथा अन्य तटीय आवास शामिल हैं।
  - भितरकनिका पश्चिम बंगाल में सुंदरबन के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है। दोनों क्षेत्र लवणीय जल मगरमच्छ के तीन प्रमुख क्षेत्रों में से हैं जिसमें तीसरा क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - IUCN रेड लिस्ट: कम चिंतनीय
  - WPA, 1972: अनुसूची I
  - CITES: परिशिष्ट I/II

17.

उत्तर: A

व्याख्या:

**प्रमुख एवं छोटे बंदरगाह:**

- **भारत के प्रमुख बंदरगाह:**
  - देश में 12 प्रमुख बंदरगाह और 200 गैर-प्रमुख बंदरगाह (छोटे बंदरगाह) हैं।
  - प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (पूर्ववर्ती कांडला), मुंबई, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, मरमुगाओ, न्यू मैंगलोर, कोचीन, चेन्नई, कामराजर (पहले एन्नोर), वी. ओ. चिदंबरनार, विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **प्रमुख बंदरगाह बनाम छोटे बंदरगाह:**
  - भारत में बंदरगाहों को भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत परिभाषित केंद्र और राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के अनुसार प्रमुख एवं छोटे बंदरगाहों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
  - सभी 12 बंदरगाह, प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट अधिनियम, 1963 के तहत शासित हैं और केंद्र सरकार के स्वामित्व एवं प्रबंधन में हैं।
  - सभी छोटे बंदरगाह, भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत शासित हैं और राज्य सरकारों के स्वामित्व तथा प्रबंधन में हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

18.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM):**
  - वर्ष 2023-2031 के लिये योजनाबद्ध मिशन का उद्देश्य वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना तथा क्वांटम टेक्नोलॉजी (QT) में एक जीवंत व अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत DST द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस मिशन के लॉन्च के साथ, भारत अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्राँस, कनाडा और चीन के बाद समर्पित क्वांटम मिशन वाला सातवाँ देश होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

19.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट को एक बड़ी प्रतियोगिता भी कहा जाता है, जो चार सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण वार्षिक टेनिस प्रतियोगिताओं में से एक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ग्रैंड स्लैम कार्यक्रम में जनवरी के मध्य में ऑस्ट्रेलियन ओपन, मई के अंत से जून की शुरुआत तक फ्रेंच ओपन, जून-जुलाई में विंबलडन तथा अगस्त-सितंबर में यूएस ओपन शामिल हैं।
  - ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर, फ्रेंच टूर्नामेंट मिट्टी पर तथा विंबलडन घास पर खेले जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरुआती दौर में कज़ाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर सुमित नागल वर्ष 1989 के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बन गए, इसके बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट विलेंडर पर रमेश कृष्णन की जीत हुई। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

20.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **परिचय:** शंकराचार्य (शंकर के मार्ग के शिक्षक), एक धार्मिक उपाधि है जिसका उपयोग चार प्रमुख मठों या पीठों के प्रमुखों द्वारा किया जाता है, जिनके बारे में माना जाता है कि इन्हें आदि शंकराचार्य (लगभग 788 ई.-820 ई.) द्वारा स्थापित किया गया था।
  - परंपरा के अनुसार, वे धार्मिक शिक्षक हैं जो स्वयं आदि शंकराचार्य तक जाने वाले शिक्षकों की एक पंक्ति से संबंधित हैं, हालाँकि 14 वीं शताब्दी ईस्वी से पहले इसके बारे में ऐतिहासिक साक्ष्य दुर्लभ हैं।
- **मठ:** ये चार मठ द्वारका (गुजरात), जोशीमठ (उत्तराखंड), पुरी (ओडिशा) एवं शृंगेरी (कर्नाटक) में हैं।
- अतः तीनों विकल्प सही हैं। **अतः विकल्प C सही है।**
  - वे धार्मिक तीर्थस्थलों, मंदिरों, पुस्तकालयों और आवासों के रूप में कार्य करते हैं। वे शंकर की परंपरा को संरक्षित और प्रचारित करने मेंमहत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

21.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL) के माध्यम से अर्जेंटीना में पाँच लिथियम ब्राइन ब्लॉकों की खोज एवं विकास के लिये अर्जेंटीना के स्वामित्व वाली CAMYEN के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- चिली और बोलीविया और अर्जेंटीना विश्व के "लिथियम त्रिकोण" का हिस्सा है।
  - तीनों देशों के पास पूरे विश्व के कुल लिथियम संसाधनों का आधे से अधिक हिस्सा है।
  - अर्जेंटीना के पास विश्व का दूसरा सबसे बड़ा लिथियम संसाधन संपन्न होने, तीसरा सबसे बड़ा लिथियम भंडार धारक होने तथा चौथा सबसे बड़ा लिथियम उत्पादक होने का गौरव प्राप्त है। **अतः विकल्प C सही है।**

22.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गंगासागर मेला, जो मकर संक्रांति (जनवरी के मध्य) के दौरान लगता है, कुंभ मेले के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा तीर्थ मेला है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह वार्षिक तीर्थ मेला लाखों लोगों को गंगा और बंगाल की खाड़ी के संगम पर स्थित सागर द्वीप की ओर आकर्षित करता है एवं प्रसिद्ध राजा भागीरथ द्वारा गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का स्मरण कराता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पश्चिम बंगाल सरकार मेले को राष्ट्रीय दर्ज़ा देने की मांग कर रही है, जिससे केंद्रीय वित्त पोषण और बुनियादी अवसंरचना के विकास में वृद्धि होगी, जिससे पश्चिम बंगाल में पर्यटन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

23.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022:**

- राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा बनाई और जारी की जाने वाली एक वार्षिक क्षमता-निर्माण प्रक्रिया है जो स्टार्टअप विकास के लिये अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उनके प्रयासों पर भारत के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का मूल्यांकन करती है। **अतः विकल्प C सही है।**

24.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023:**

- गैर-सरकारी संगठन 'प्रथम' द्वारा 'बियॉन्ड बेसिक्स' शीर्षक से 18वीं शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (Annual Status of Education Report - ASER) 2023 जारी की गई, जिसमें छात्रों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों, उनकी बुनियादी और व्यावहारिक पढ़ने तथा गणित क्षमताओं एवं डिजिटल जागरूकता व कौशल पर चर्चा की गई। **अतः विकल्प A सही है।**

25.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- धारा मस्टर्ड हाइब्रिड-11 (DMH-11) एक स्वदेशी रूप से विकसित ट्रांसजेनिक सरसों है। यह हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों का आनुवंशिक रूप से संशोधित संस्करण है।
- DMH-11 भारतीय सरसों की किस्म 'वरुणा' और पूर्वी यूरोपीय 'अर्ली हीरा-2' सरसों के बीच संकरण का परिणाम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें दो एलियन जीन ('बार्नेज' और 'बारस्टार') शामिल होते हैं जो बैसिलस एमाइलोलिफेशियन्स (Bacillus amyloliquefaciens) नामक मृदा जीवाणु से पृथक किये जाते हैं जो उच्च उपज वाली वाणिज्यिक सरसों की संकर प्रजाति विकसित करने में सहायक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- DMH-11 ने राष्ट्रीय सीमा की तुलना में लगभग 28% अधिक और क्षेत्रीय सीमा की तुलना में 37% अधिक उपज प्रदर्शित है और इसके उपयोग का दावा तथा अनुमोदन GEAC द्वारा अनुमोदित किया गया है।
  - "बार जीन" संकर बीज की आनुवंशिक शुद्धता को बनाए रखता है।

26.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**भारतीय कंप्यूटर आपातकाल प्रतिक्रिया दल (CERT-In):**

- CERT-In एक केंद्रक अभिकरण है जिसका कार्य हैकिंग और फिशिंग जैसे साइबर सुरक्षा खतरों से निपटना है। यह इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and Information Technology- MoEIT) के तहत संचालित होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- केंद्र ने CERT-In को पारदर्शिता कानून के दायरे से छूट देने के लिये RTI अधिनियम की धारा 24(2) के तहत दी गई अपनी शक्तियों का उपयोग किया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - RTI अधिनियम, 2005 की धारा 24(2) केंद्र सरकार को सरकार द्वारा स्थापित आसूचना अथवा सुरक्षा संगठनों को शामिल कर अथवा हटाकर अनुसूची में परिवर्तन करने की अनुमति देती है।

27.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत ईरान के 31 प्रांतों में से करमान प्रांत के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्रांत है, जिसका क्षेत्रफल 180,726 वर्ग किमी. है। यह देश के दक्षिणपूर्व में अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर स्थित है तथा इसकी राजधानी ज़ाहेदान शहर है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- बलूचिस्तान पाकिस्तान का एक प्रांत है। देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित बलूचिस्तान क्षेत्रफल की दृष्टि से पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- मारिब, यमन के मारिब प्रांत की राजधानी है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

28.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- **भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र के बारे में :**
  - संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा उड्डयन बाज़ार है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- अनियंत्रित यात्रियों को विमान नियम, 1937 के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता, 1860 के तहत नियंत्रित किया जाता था। **अतः कथन 2 सही है।**
- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) प्रमुख नियामक संस्था है जो मुख्य रूप से भारत में नागरिक उड्डयन को नियंत्रित करती है। यह सुरक्षा मुद्दों से निपटने, हवाई परिवहन सेवाओं के विनियमन, नागरिक हवाई नियमों और विनियमों को लागू करने तथा ऐसे अन्य कार्यों के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**29.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये की गई सरकारी पहल:**

- **फंड ऑफ फंड्स (FoF) योजना:**
  - जून 2016 में 10,000 करोड़ रुपए के कोष के साथ स्थापित स्टार्टअप योजना के लिये FoF का उद्देश्य कार्यान्वयन की प्रगति के आधार पर 14वें और 15वें वित्त आयोग चक्रों में योगदान को बढ़ाकर घरेलू पूंजी तक पहुँच की सुविधा प्रदान करके भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (SISF):**
  - SISF, 945 करोड़ रुपए के कोष की सहायता के साथ वर्ष 2021-22 से चार वर्ष की अवधि के लिये अनुमोदित किया गया था जिसके तहत अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश एवं व्यावसायीकरण के लिये स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट:**
  - स्टार्टअप इंडिया इन्वेस्टर कनेक्ट स्टार्टअप्स को निवेशकों से जोड़ने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित मैचमेकिंग की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उद्यमियों के लिये एक ही एप्लीकेशन के माध्यम से कई निवेशकों तक अपने विचारों को पहुँचाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**30.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और एक मिनी रत्न श्रेणी-I सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) के रूप में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (NHPC) लिमिटेड ने हाल ही में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जब (स्कोप) सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के सफल कार्यान्वयन के लिये इसे सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन द्वारा 'प्रशंसा प्रमाणपत्र' से सम्मानित किया गया। **अतः विकल्प C सही है।**

- यह पुरस्कार पारदर्शिता के प्रति NHPC की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है।
- वर्ष 1973 में स्थापित SCOPE सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSEs) के लिये शीर्ष निकाय है, जो अपनी परिचालन क्षमताओं एवं दक्षताओं को बढ़ाने के लिये नीतियों और रणनीतियों को लागू करके अपने सदस्य PSEs में प्रतिस्पर्द्धात्मकता के साथ उत्कृष्टता को भी बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

**31.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भीष्म (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग हित एंड मैत्री- BHISHM) प्रोजेक्ट आरोग्य मैत्री का क्यूब, अयोध्या में स्थित एक अत्याधुनिक स्वदेशी मोबाइल अस्पताल, उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान एक चिकित्सा आपातकाल की स्थिति में एक जीवनरक्षक के रूप में उभरकर आया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - आरोग्य मैत्री परियोजना में भारत प्राकृतिक आपदाओं या मानवीय संकटों के प्रभाव का सामना करने वाले किसी भी विकासशील देश को महत्त्वपूर्ण चिकित्सा संसाधनों की आपूर्ति करना शामिल है।
  - BHISHM क्यूब को त्वरित प्रतिक्रिया और समग्र देखभाल पर बल देते हुए 200 हताहतों तक के उपचार के लिये तैयार किया गया है। यह एड क्यूब (Aid Cube) आपात स्थितियों के दौरान आपदा प्रतिक्रिया और चिकित्सा सहायता वृद्धि करने हेतु निर्मित कई नवोन्मेषी उपकरणों से युक्त है।
- यह क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं के प्रभावी समन्वय, वास्तविक समय की निगरानी और कुशल प्रबंधन को सुगम बनाने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence- AI) तथा डेटा एनालिटिक्स को एकीकृत करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - BHISHM क्यूब की सफलता आपात स्थिति के दौरान तत्काल और प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान करने में मोबाइल अस्पताल इकाइयों के महत्त्व को रेखांकित करती है।

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- Mpemba प्रभाव ने अपने आश्चर्यजनक अवलोकन से वैज्ञानिकों की रुचि बढ़ा दी है कि गर्म पानी समान परिस्थितियाँ होने पर ठंडे पानी की तुलना में तेज़ी से जम सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - शोधकर्त्ताओं ने घटना के कारणों को निर्धारित करने के लिये कई प्रयोग किये हैं, लेकिन आम सहमति के निष्कर्ष की अभी भी कमी है।
- संभावित कारणों में सूक्ष्म बुलबुले, वाष्पीकरण, ठंडे पानी में पाले की उपस्थिति और उबलने से उत्पन्न यौगिकों का प्रभाव शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - उबालकर गर्म किये गए पानी में सूक्ष्म बुलबुले रह जाते हैं। ये संवहन को बढ़ावा देते हैं और पानी ठंडा होने पर तेज़ी से गर्मी को स्थानांतरित करते हैं।
  - वाष्पीकरण, एक एन्डोथर्मिक (ऊष्मा अवशोषित) प्रक्रिया, गर्म पानी में तीव्र रूप से ऊष्मा हानि में योगदान करती है।

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO) ने दूसरी पीढ़ी का आपदा चेतावनी प्रेषित्र (Second-Generation Distress Alert Transmitter, DAT-SG) विकसित किया है जो समुद्र में मछुआरों के लिये मछली पकड़ने की नौकाओं से आपातकालीन संदेश भेजने के लिये एक स्वदेशी तकनीकी समाधान है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ISRO द्वारा DAT-SG का विकास किया गया है जो कि NavIC (भारतीय नक्षत्र में नौवहन) रिसीवर मॉड्यूल पर आधारित एक अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी (UHF) प्रेषित्र/ट्रांसमीटर है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह NavIC रिसीवर मॉड्यूल स्थिति निर्धारण के साथ-साथ प्रसारण संदेश पुष्टि का समर्थन करता है जिसे NavIC मैसेजिंग सेवा कहा जाता है।

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- युगांडा अल्प विकसित देशों (Least Developed Countries- LDC) के लिये भारत की शुल्क मुक्त प्रशुल्क वरीयता (Duty Free Tariff Preference- DFTP) योजना का लाभार्थी रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - युगांडा को भारतीय निर्यात की प्रमुख वस्तुओं में भेषजीय उत्पाद, वाहन, प्लास्टिक, कागज़ व पेपरबोर्ड, कार्बनिक रसायन इत्यादि शामिल हैं।
  - युगांडा से भारत में आयात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में सब्ज़ियाँ तथा कुछ जड़ें व कंद, कॉफी, चाय, मेट एवं मसाले और कोको व कोको उत्पादन हेतु विधि शामिल हैं।
- भारत तथा युगांडा के बीच दोहरा कराधान परिहार समझौता (Double Taxation Avoidance Agreement) वर्ष 2004 से प्रभावी है। **अत: कथन 2 सही है।**

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मंदिर वास्तुकला की नागर शैली:**

- पाँचवीं शताब्दी ईस्वी के आसपास उत्तरी भारत में गुप्त काल के अंत में मंदिर वास्तुकला की नागर शैली का उदय हुआ। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी तुलना द्रविड़ शैली से की जाती है जिसकी उत्पत्ति भी उसी समय दक्षिणी भारत में हुई थी।
- नागर शैली में निर्मित मंदिर एक ऊँचे चबूतरे पर बनाए जाते हैं, जिसमें गर्भ गृह (देवता की प्रतिमा का विश्राम स्थल) मौजूद होता है जो मंदिर का सबसे पवित्रतम स्थल होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक विशिष्ट नागर शैली के मंदिर में गर्भगृह के चारों ओर एक प्रदक्षिणा पथ तथा उसके समान धुरी पर एक अथवा अधिक मंडप (हॉल) भी शामिल होते हैं। इसकी दीवारों पर विस्तृत भित्ति चित्र तथा नक्काशी इसकी विशेषता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैज्ञानिकों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के अटलांटिक तट पर स्थित सबसे बड़े ज्ञात गहरे समुद्र की मूंगा चट्टान का मानचित्रण किया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह चट्टान लगभग 500 किमी. लंबी है, जो फ्लोरिडा से दक्षिण कैरोलिना तक फैली हुई है। इसकी चौड़ाई 110 किमी. तक पहुँच जाती है।
    - रीफ का क्षेत्रफल येलोस्टोन नेशनल पार्क से लगभग तीन गुना बड़ा है।
- हाल ही में पाई गई मूंगा चट्टान के विपरीत, जो गहरे जल में सबसे बड़ी है, ग्रेट बैरियर रीफ उथले जल में सबसे बड़ी मूंगा चट्टान प्रणाली है। **अत: कथन 2 सही है।**

**37.**

**उत्तर:C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP) चार वर्ष की अवधि (वित्त वर्ष 2022-25) में सड़कों, रेलवे, बिजली, तेल और गैस पाइपलाइन, दूरसंचार, नागरिक उड्डयन जैसे क्षेत्रों में केंद्र सरकार की मुख्य आस्तियों को पट्टे पर देकर 6 लाख करोड़ रुपए की कुल मुद्रीकरण क्षमता की परिकल्पना करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - NMP के माध्यम से मुद्रीकरण में गैर-प्रमुख आस्तियों के विनिवेश के माध्यम से मुद्रीकरण को छोड़कर केवल मुख्य आस्तियाँ शामिल हैं। वर्तमान में अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में केवल केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों और CPSE की आस्ति को शामिल किया गया है।
- इस पाइपलाइन का उद्देश्य राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (National Infrastructure Pipeline- NIP) के तहत वित्त वर्ष 2015 तक छह वर्षों में 111 ट्रिलियन रुपए के निवेश का समर्थन करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - NMP के लिये समय-सीमा को रणनीतिक रूप से राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन के तहत शेष अवधि में समाप्त करने के लिये निर्धारित किया गया है।

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- होमी जहाँगीर भाभा (जन्म 30 अक्तूबर, 1909, मुंबई, भारत और मृत्यु 24 जनवरी, को) एक अग्रणी भारतीय भौतिक विज्ञानी थे।
- उन्हें भारत के परमाणु कार्यक्रम का जनक माना जाता है। भारत का तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम 1950 के दशक में होमी भाभा द्वारा तैयार किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उन्होंने दो संस्थानों की स्थापना और निर्देशन किया जो भारत को परमाणु युग में लाएँगे: टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR) तथा परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान, ट्रॉम्बे, बाद में उनके सम्मान में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) का नाम बदल दिया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- भाभा वर्ष 1942 में एडम्स पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय थे, जो कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान था। भाभा को उनके "प्राथमिक कणों और उनकी अंत:क्रियाओं के सिद्धांत" के लिये पुरस्कार मिला। उन्हें पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या :**

- विक्टोरिया झील अफ्रीका की सबसे बड़ी झील और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है। इसकी तटरेखा केन्या (6%), युगांडा (43%), और तंज़ानिया (51%) द्वारा साझा की जाती है। **अत: विकल्प C सही है।**



40.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- डायोड एक विद्युत अवयव है जो लगभग 5 मिमी. चौड़ा होता है। इसके संपर्क के दो बिंदु अथवा टर्मिनल होते हैं जिन्हें एनोड तथा कैथोड कहा जाता है।
- डायोड का प्राथमिक उद्देश्य धारा को केवल एक दिशा में प्रवाहित करने में सहायता प्रदान करना है। यह P-N संधि डायोड (P-N Junction Diode) का उपयोग करके इस कार्य को करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- P-N संधि p-प्रकार तथा n-प्रकार के अर्द्धचालकों के अंतरापृष्ठ (Interface) पर होता है।
  - अर्द्धचालक का धनात्मक पक्ष (Positive Side), जिसे p-फलक (p-type) के रूप में जाना जाता है, में कई छिद्र (hole) मौजूद होते हैं।
- अर्द्धचालक के ऋणात्मक पक्ष (Negative Side), जिसे n-फलक (n-side) कहा जाता है, में इलेक्ट्रॉनों की अधिकता होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

41.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मधिका एक ऐसी भाषा है जिसकी कोई लिपि नहीं है और यह तेलुगु, तुलु, कन्नड़ तथा मलयालम का मिश्रण है। यह कन्नड़ के समान होने के बावजूद, अपने विविध भाषायी प्रभावों के कारण सुनने वालों को भ्रमित करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मधिका काफी हद तक कन्नड़ के पुराने रूप हव्यक कन्नड़ से प्रभावित है।
- मधिका की उपेक्षा को चकलिया समुदाय से जुड़े सामाजिक विद्वेष के लिये ज़िम्मेदार ठहराया जाता है और उन्हें अछूत समझा जाता था। **अत: कथन 2 सही है।**
- दस्तावेज़ीकरण की कमी (कोई स्क्रिप्ट नहीं) और पुराने वक्ताओं के निधन के कारण, एक महत्त्वपूर्ण जोखिम है कि मधिका व्यक्तियों से परे जीवित नहीं रह सकती है।

42.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2021 से प्रत्येक वर्ष पराक्रम दिवस मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- समारोह में अमूमन स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी की भूमिका के ऐतिहासिक महत्त्व को उजागर करने वाले विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ शामिल होती हैं।
- पराक्रम दिवस के अवसर पर केंद्र ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तियों तथा संगठनों द्वारा दिये गए अमूल्य योगदान का सम्मान करने के लिये सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2024 की घोषणा की। **अत: कथन 2 सही है।**

43.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मुख्य रूप से, NGO कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत ट्रस्ट, सोसायटी या कंपनी के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं। प्रत्येक फॉर्म में पंजीकरण और प्रशासन के लिये नियमों एवं विनियमों का अपना सेट होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विदेशी दान मांगने वाले संघों, समूहों और गैर सरकारी संगठनों के लिये विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम, 2010 (FCRA) के तहत पंजीकरण आवश्यक है, जो शुरू में 5 वर्ष के लिये वैध होता है तथा निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने पर नवीकरणीय होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

44.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'अमृत धरोहर क्षमता निर्माण योजना' पर्यटन मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बीच एक संयुक्त प्रयास है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना आर्द्रभूमि के इष्टतम उपयोग को प्रोत्साहित करने और स्थानीय समुदायों के लिये जैवविविधता, कार्बन स्टॉक, पर्यावरण-पर्यटन के अवसरों के साथ-साथ आय सृजन को बढ़ाने के लिये अगले तीन वर्षों (2023 से) में लागू की जाएगी।
  - योजना का प्राथमिक फोकस पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील आर्द्रभूमियों पर रणनीतिक रूप से उच्च मात्रा वाले पर्यटन से उच्च मूल्य वाले प्रकृति पर्यटन में परिवर्तन करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

45.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय वायु सेना (IAF) ने फ्राँसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (FASF) तथा संयुक्त अरब अमीरात (UAE) वायु सेना के साथ अभ्यास डेज़र्ट नाइट में सहयोगात्मक हवाई संचालन का प्रदर्शन किया एवं राजनयिक संबंधों को मज़बूत किया।

- अभ्यास डेज़र्ट नाइट भारत, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- यह अभ्यास अरब सागर के ऊपर हुआ, जिसमें भारतीय वायुसेना भारत में अपने अड्डे से संचालन कर रही थी।
- इस अभ्यास का उद्देश्य तीनों वायु सेनाओं के बीच सहयोग और अंतरसंचालनीयता में सुधार करना था।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- मणिपुर की इंफाल घाटी में विधानसभा सदस्यों (विधायकों) ने अरामबाई तेंगगोल (AT), जो कि एक मैतेई कट्टरपंथी समूह है, के लोगों की शिकायतों एवं मांगों को केंद्र के समक्ष प्रस्तुत करने का समर्थन किया है।
  - अरामबाई तेंगगोल की शुरुआत वर्ष 2020 में एक सांस्कृतिक संगठन के रूप में हुई थी, किंतु कुछ ही समय में इसका स्वरुप एक कट्टरपंथी संगठन का हो गया। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक पुनरुत्थानवादी संगठन भी है जिसका उद्देश्य मैतेई समुदाय के लोगों के बीच पूर्व-हिंदू, मूल सनमाही धर्म की पुनर्स्थापना करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस पर मई 2023 में हुए कई मैतेई-कुकी संघर्षों में शामिल दो कट्टरपंथी मैतेई संगठनों में से एक होने का संदेह है।

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) पर विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौते द्वारा विनियमित एवं निर्देशित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वस्तुओं से संबंधित 'वस्तुओं का भौगोलिक सूचक' (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 भारत में वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतकों के पंजीकरण तथा बेहतर संरक्षण प्रदान करने का प्रयास करता है।
- यह प्रमाणीकरण गैर-कृषि उत्पादों तक भी बढ़ाया जाता है, जैसे मानव कौशल पर आधारित हस्तशिल्प, कुछ क्षेत्रों में उपलब्ध सामग्री और संसाधन जो उत्पाद को अद्वितीय बनाते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के 2020 के आँकड़ों के अनुसार, 15,566 पंजीकृत उत्पादों के साथ जर्मनी GI पंजीकरण में सबसे आगे है, इसके बाद चीन (7,247) का स्थान आता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**48.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ल्यूकीमिया:** ल्यूकीमिया श्वेत रक्त कोशिकाओं का कैंसर है जो अस्थि मज्जा में शुरू होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ल्यूकीमिया अस्थि मज्जा तथा लसीका (lymphatic) तंत्र सहित शरीर के रक्त उत्पादन करने वाले ऊतकों से संबंधित कैंसर है।
    - लसीका तंत्र वाहिकाओं, ऊतकों तथा अंगों का एक जाल है जो शरीर में द्रव संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।
- **अस्थि कैंसर:** यह अस्थि में असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित स्थिति को दर्शाता है। यह सामान्य अस्थि के ऊतकों को नष्ट कर देता है।
  - इस प्रकार की अस्थि का कैंसर अमूमन बच्चों तथा युवा वयस्कों में पैर अथवा बाँह की अस्थियों में होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**माजुली द्वीप से जुड़े मुख्य तथ्य :**

- माजुली भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम में ब्रह्मपुत्र नदी में स्थित एक नदी द्वीप है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे दुनिया के सबसे बड़े नदी द्वीप के रूप में मान्यता प्राप्त है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियों से घिरा हुआ है, जो एक अद्वितीय जलीय भू-आकृति का निर्माण करता है। बील्स और चैपोरिस (आइलेट्स) के नाम से जानी जाने वाली आर्द्रभूमियाँ क्षेत्र की पारिस्थितिक विविधता में योगदान करती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**50.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वांडरिंग अल्बाट्रॉस (डायोमेडिया एक्सुलान्स):**

- वांडरिंग अल्बाट्रॉस 3.5 मीटर के पंखों वाला सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी है। यह अपने 60 वर्ष के जीवनकाल का अधिकांश समय समुद्र में बिताता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- मुख्य रूप से दक्षिणी महासागर और आसपास के द्वीपों में पाया जाता है, जिसमें मैरियन तथा प्रिंस एडवर्ड द्वीप समूह दुनिया की आधी प्रज़नन आबादी का समर्थन करते हैं।
- यह यौन परिपक्वता तक पहुँचने के बाद लगभग हर दो साल में भूमि पर प्रज़नन करता है।
- IUCN की रेड लिस्ट के अनुसार यह सुभेद्य (vulnerable) है,और मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों से मछली पकड़ने, प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसे खतरों का सामना कर रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**51.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत रत्न पुरस्कार:**

- भारत रत्न भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार जाति, व्यवसाय, स्थिति या लिंग के भेदभाव के बिना, उच्चतम क्रम की असाधारण सेवा/प्रदर्शन की मान्यता में प्रदान किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह पुरस्कार मूल रूप से कला, साहित्य, विज्ञान और सार्वजनिक सेवाओं में उपलब्धियों तक सीमित था। लेकिन दिसंबर 2011 में सरकार ने मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र को शामिल करने के लिये मानदंडों का विस्तार किया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत रत्न पुरस्कारों की संख्या किसी विशेष वर्ष में अधिकतम तीन वर्ष तक सीमित है। **अत: कथन 3 सही है।**

**52.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**G77:**

- 15 जून 1964 को 77 देशों का समूह (G77) तब अस्तित्व में आया जब इन देशों ने जिनेवा में व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (United Nations Conference on Trade and Development - UNCTAD) के पहले सत्र के दौरान एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किये।
- G77 समूह में चीन को छोड़कर 134 सदस्य हैं क्योंकि चीनी सरकार खुद को सदस्य नहीं मानती है, बल्कि एक भागीदार मानती है जो समूह को राजनीतिक और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हालाँकि समूह (G 77) चीन को अपना सदस्य बताता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- G77 विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी अध्यक्षता, जो समूह 77 की संगठनात्मक संरचना के भीतर सर्वोच्च राजनीतिक निकाय है, क्षेत्रीय आधार पर (अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के बीच) घूमती (rotate) है और चैप्टर द्वारा एक वर्ष के लिये आयोजित की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - चैप्टर, जो क्षेत्रीय प्रभागों को संदर्भित करते हैं, वर्तमान में, युगांडा अध्यक्ष है, प्रवक्ता के रूप में कार्य करता है और अफ्रीकी सम्मेलन के भीतर सदस्य देशों की ओर से जी77 के कार्यों का समन्वय करता है।

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) गृह मंत्रालय के अधिकार के तहत भारत में सात सुरक्षा बलों को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- असम राइफल्स गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करती है लेकिन इसका परिचालन नियंत्रण रक्षा मंत्रालय के पास है। **अत: कथन 2 सही है।**

**54.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लार्ज मल्टी-मोडल मॉडल (LMM):**

- LMM ऐसा मॉडल है जो मानव जैसी धारणा की नकल करने के लिये कई संवेदी इनपुट का प्रयोग करता है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को मानव संचार की एक विस्तृत शृंखला पर प्रतिक्रिया करने में सहयता करता है, जिससे संचार अधिक वास्तविक और सहज हो जाती है।
- LMM कई डेटा प्रकारों को एकीकृत करते हैं, जैसे– इमेज, टेक्स्ट, लैंग्वेज, ऑडियो और अन्य विविधता। यह मॉडलों को छवियों, वीडियो तथा ऑडियो को समझने एवं उपयोगकर्त्ताओं के साथ संवाद करने में मदद करता है।
- मल्टीमॉडल LMM के कुछ उदाहरणों में GPT-4V, MedPalm M, Dall-E, Stable Diffusion और Midjourney शामिल हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

55.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियाँ:**
  - इन्हें 'विमुक्त जाति' के नाम से भी जाना जाता है। ये समुदाय सबसे अधिक असुरक्षित और वंचित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ब्रिटिश शासन के दौरान आपराधिक जनजाति अधिनियम, 1871 जैसे कानूनों के तहत गैर-अधिसूचित समुदायों को 'जन्मजात अपराधी' के रूप में अधिसूचित/अंकित किया गया था।
    - उन्हें वर्ष 1952 में भारत सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर गैर-अधिसूचित कर दिया गया था। **कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत में, लगभग 10% आबादी NT, SNT और DNT समुदायों से बनी है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

56.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नेहरू रिपोर्ट में मांग की गई कि भारत को ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर प्रभुत्व का दर्जा दिया जाए। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - दिसंबर 1929 में कॉन्ग्रेस के लाहौर अधिवेशन में ऐतिहासिक "पूर्ण स्वराज" प्रस्ताव पारित किया, जिसमें पूर्ण स्व-शासन/संप्रभुता और ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की गई।
- नेहरू रिपोर्ट को कॉन्ग्रेस के भीतर सार्वभौमिक समर्थन नहीं मिला, बोस और जवाहरलाल नेहरू जैसे नेताओं ने डोमिनियन स्टेटस के बजाय ब्रिटिश साम्राज्य से पूर्ण स्वतंत्रता का समर्थन किया। **अत: कथन 2 सही है।**

57.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (Indian Meteorological Department- IMD) मौसम पूर्वानुमान/निगरानी उद्देश्यों के लिये INSAT -3D और INSAT-3DR उपग्रह डेटा का प्रयोग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- INSAT-3DR, भारत का उन्नत मौसम विज्ञान उपग्रह है जो एक इमेजिंग सिस्टम और एक वायुमंडलीय साउंडर से सुसज्जित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एक वायुमंडलीय साउंडर यह आकलन करता है कि हवा के एक स्तंभ के भौतिक गुण ऊँचाई के साथ किस प्रकार परिवर्तित होते हैं।
- इसमें दीर्घ तरंगें (Longwave) से लेकर लघु तरंगें (Shortwave) बैंड और एक दृश्य बैंड (Visible Band) तक कई इन्फ्रारेड चैनल (Infrared Channels) होते हैं।
- INSAT-3D उपग्रह पर RGB (Red, Green, Blue- लाल, हरा, नीला) इमेजर से छवियों का रंग दो कारकों पर निर्भर करता है:
  - सौर परावर्तन: यह किसी सतह द्वारा परावर्तित सौर ऊर्जा की मात्रा और उस पर आपतित सौर ऊर्जा की मात्रा का अनुपात होता है।
  - प्रदीप्ति तापमान: यह किसी वस्तु के तापमान और उसकी सतह की संगत प्रदीप्ति के बीच का संबंध है। **अत: कथन 3 सही है।**

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत के प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' शुरू की जो एक नवाचारी सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य देश में एक करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली या रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- रूफटॉप सोलर (RTS) कार्यक्रम के दूसरे चरण का कार्यान्वन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (Ministry of New and Renewable energy) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आवासीय क्षेत्र में RTS की स्थापना के लिये केंद्रीय वित्तीय सहायता (Central Financial Assistance- CFA) प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में आवासीय क्षेत्र में 4 गीगावॉट RTS क्षमता की स्थापना की परिकल्पना की गई है तथा इसकी अवधि 31.03.2026 तक बढ़ा दी गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

59.

उत्तर: C

व्याख्या:

**काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान:**

- वर्ष 1908 में निर्मित काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (KNP) असम राज्य के गोलाघाट और नागोअन ज़िले में देश के उत्तर पूर्वी

नोट :

हिस्से के किनारे पर स्थित है। यह ब्रह्मपुत्र घाटी बाढ़ के मैदान में एकमात्र सबसे बड़ा अविभाजित और प्रतिनिधि क्षेत्र है। **अतः कथन 1 सही है।**

- हाल ही में काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (KNP) में एक दुर्लभ सुनहरे रंग के बाघ को देखा गया। KNP में देखे गए गोल्डन टाइगर बंगाल टाइगर का दुर्लभ रंग-रूप है जो "वाइडबैंड" नामक अप्रभावी जीन के कारण होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**60.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **AI चिप्स:**
  - AI चिप को एक विशिष्ट आर्किटेक्चर के साथ डिज़ाइन किया गया है और इसमें गहन शिक्षण-आधारित अनुप्रयोगों का समर्थन करने के लिये AI त्वरण को एकीकृत किया गया है।
    - डीप लर्निंग जिसे एक्टिव न्यूरल नेटवर्क (ANN) या डीप न्यूरल नेटवर्क (DNN) के रूप में भी जाना जाता है, मशीन लर्निंग का एक सब-सेट है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के अंतर्गत आता है।
  - यह कंप्यूटर कमांड या एल्गोरिदम की शृंखला को जोड़ती है जो गतिविधि और मस्तिष्क संरचना को उत्तेजित करती है।
- **विविध AI अनुप्रयोगों के लिये डिज़ाइन किये गए AI चिप्स के प्रकार:**
  - एप्लीकेशन-स्पेसिफिक इंटीग्रेटेड सर्किट (ASICs), फील्ड-प्रोग्रामेबल गेट एरेज़ (FPGAs), सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट्स (CPU) और GPU।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**61.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत और फ्राँस:**

- भारत और फ्राँस सितंबर 2022 में एक इंडो-पैसिफिक त्रिपक्षीय विकास सहयोग कोष स्थापित करने पर सहमत हुए, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों के लिये स्थायी अभिनव समाधानों का समर्थन करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत, फ्राँस और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) समुद्री साझेदारी अभ्यास का पहला संस्करण 7 जून, 2023 को ओमान की खाड़ी में शुरू हुआ, जिसमें INS तरकश, फ्राँसीसी जहाज़ सुरकॉफ, फ्रेंच राफेल विमान और UAE नौसेना के समुद्री गश्ती विमान की भागीदारी थी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान पर ज़ोर देता है और भारत, फ्राँस व संयुक्त अरब अमीरात के मध्य नौसैनिक सहयोग बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

**62.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मॉस्किटोफिश:**

- हाल ही में आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से निपटने के उपाय के रूप में स्थानीय जल निकायों में मॉस्किटोफिश विमोचित की गई है। **अतः कथन-I सही है।**
- दक्षिणपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के अलवण जल में निवास करने वाली मूल प्रजाति मॉस्किटोफिश, मच्छरों के लार्वा हेतु अपनी भूख के लिये जानी जाती है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है, क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या करता है।**

**63.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **युग्मनज:** निषेचन के दौरान शुक्राणु तथा अंड के संलयन से बनने वाली प्रारंभिक कोशिका। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भ्रूण:** निषेचन के क्षण से लेकर गर्भावस्था के लगभग 8वें सप्ताह तक विकास का प्रारंभिक चरण। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **गर्भ:** प्रसवपूर्व विकास का बाद का चरण जो नौवें सप्ताह से शुरू होकर शिशु के जन्म को संदर्भित करता है। इसी दौरान शिशु के अंगों तथा प्रणालियों का विकास होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**64.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विदेशी निवेश में दो व्यापक रूप से चुने गए निवेश मार्ग शामिल हैं, अर्थात् प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI)।

- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में प्रत्यक्ष निवेश, नियंत्रण और दीर्घकालिक दृष्टिकोण की पेशकश शामिल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में बिना नियंत्रण के वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है, जो आमतौर पर अल्पकालिक से मध्यम अवधि के लिये होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों (चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्याँमार और अफगानिस्तान) से FDI के लिये सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

**65.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- दक्षिण चीन सागर पश्चिमी प्रशांत महासागर का सीमांत सागर है। इसकी सीमा ब्रुनेई दारुस्सलाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और चीन से लगती है। **अतः कथन I सही है।**
- यह ताइवान जलडमरूमध्य द्वारा पूर्वी चीन सागर से और लूज़ॉन जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर (प्रशांत महासागर के दोनों सीमांत समुद्र) से जुड़ा हुआ है। **अतः कथन II सही नहीं है।**
  - दक्षिण चीन सागर एक विवादित समुद्री क्षेत्र है जो छह देशों: चीन, ब्रुनेई, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया और फिलीपींस के बीच क्षेत्रीय विवादों का विषय है।